तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **अपील सं. 83/2022 रामकरण बनाम सोना देवी**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
04.09.2023	पत्रावली पेश हुई। वकील उभयपक्ष उप.। अधिवक्ता अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो करने प्रस्तुत किया। शा. फा. हो। वकील अपीलार्थी श्री विजय सिंह राठौड, एड ने प्रार्थना पत्र अपील विड्रो करने के तथ्य को दोहराते हुए कथन किया है कि उपरोक्त उनवानी प्रकरण में माननीय न्यायालय में आज की तारीख पेशी नियत है। उक्त उनवानी अपील में पक्षकारान में राजीनामा हो गया है। इसलिये हम अपीलान्ट प्रस्तुत अपील संख्या 83/2022 को चलाना नहीं चाहते हैं। ना ही उक्त अपील में आगे कोई कार्यवाही करना चाहते हैं। हम अपीलांट की अपील आज ही दाखिल दफ्तर फरमा दी जावे। अपील को विड्रा किये जाने के आदेश प्रदान किये जाने की कृपा करें। हमने अधिवक्ता अपीलान्ट की बहस पर मनन किया तथा पत्रावली का अवलोकन किया जिससे जाहिर होता है कि अपीलार्थी स्वंय ही उक्त अपील में केई कार्यवाही नहीं करना चाहते हैं। ऐसी स्थिति में अब इस अपील को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है। वकील अपीलांट द्वारा प्रार्थीगणों के प्रार्थना पत्र को पहचान के रूप में सत्यापित किया गया है। वकील रेस्पोडेन्ट को भी इसमें कोई आपत्ति नहीं है। अतः अपीलार्थीगण का प्रा. पत्र अपील विड्रो किये जाने स्वीकार किया जाता है तथा प्रार्थीगण स्वंय अपील विड्रो किये जाने के कारण अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। इस न्यायालय की पत्रावली फैसल शुमार होकर पूर्ति लेख भण्डार हो। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जयपुर	